**अतिमहत्वपूर्ण/विशेषध्यानाकर्षण/समयबद्ध**

**प्रेषक**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**सेवा में,**

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

**पत्रांकः प्राशिप/अनु 03/2026/6757 लखनऊः दिनांकः 17/01/2026**

**विषयः विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, नवम्बर-दिसम्बर 2025 के परीक्षा परिणाम उपरान्त पुनर्मूल्यांकन कराये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, नवम्बर-दिसम्बर 2025 का परीक्षा परिणाम सक्षम स्तर से अनुमोदनोपरान्त दिनांक 14/01/2026 को घोषित कर दिया गया है। उक्त परीक्षा से सम्बन्धित ऐसे छात्र/छात्राऐं जो अपने अंकों से असंतुष्ट हैं, परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध लिंक RESULT द्वारा APPLY FOR RE-EVALUATION के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। **यह भी अवगत कराना है कि E-SERVICES (JANHIT) पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल नम्बर के माध्यम से ही Login किया जा सकेगा।**

1. पुनर्मूल्यांकन आवेदन हेतु परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध लिंक RESULT द्वारा APPLY FOR RE-EVALUATION के माध्यम से छात्र/छात्रा अपने एनरोलमेन्ट नम्बर एवं जन्म तिथि की सहायता से आवेदन OPEN कर सकते हैं।
2. उपरोक्त आवेदन प्रक्रिया में तीन चरण निम्नानुसार हैंः-

**A. REGISTRATION (RE-EVALUATION)**

पुनर्मूल्यांकन का आवेदन करने के उपरान्त छात्र/छात्राएं कतिपय विषयों में पुनर्मूल्यांकन चैक बॉक्स के माध्यम से चयनित कर सकते हैं। सभी कतिपय विषयों में आवेदन, पुनर्मूल्यांकन विकल्प चयन करने के उपरान्त छात्र/छात्राएं अपने आवेदन के SAVE & PRINT BUTTON के माध्यम से सुरक्षित कर आवेदन का प्रिन्ट ले लेंगे। इस प्रक्रिया के समाप्त होने के बाद छात्र/छात्राएं 24 घंटे के उपरान्त द्वितीय विकल्प PAY FEES ONLINE के माध्यम से पुनर्मूल्यांकन शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। **विषयों का चयन सावधानी पूर्वक किया जाये एवं छात्र/छात्राएं जिन विषयों की परीक्षा में विषम सेमेस्टर/ विशेष बैक पेपर परीक्षा, नवम्बर-दिसम्बर 2025 में सम्मिलित हुए हों तथा जिन विषयों के अंकों से असंतुष्ट हैं, केवल उन्हीं विषयों का चयन करेगें। विषयों के चयन में हुई किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिये छात्र/छात्राऐं स्वयं जिम्मेदार होंगे। परिषद द्वारा त्रुटि का निराकरण किया जाना सम्भव नहीं है।**

**B. PAY FEES ONLINE**

पुनर्मूल्यांकन हेतु रू0 500/- प्रति विषय की धनराशि है। PAY FEES ONLINE विकल्प में अगले पेज पर TERMS & CONDITION,S DIALOGUE BOX में CLICK कर अगले पेज पर जायेंगे।

अगले पेज फीस कैटगरी में बोर्ड फीस चयनित कर छात्र/छात्राएं एनरोलमेन्ट संख्या एवं जन्मतिथि संबंधित TEXTBOX में डालकर SUBMIT BUTTON CLICK करेंगे। इसके बाद अगले पेज पर PROVIDE DETAILS OF PAYMENT छात्र/छात्राएं अपना नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नम्बर, ई-मेल आईडी, इन्सर्ट करने के उपरान्त CAPTCHA में प्रदर्शित TEXT को इन्सर्ट कर SUBMIT BUTTON को CLICK करेंगे। CLICK करने के उपरान्त अगले वेब पेज VERIFY DETAILS AND CONFIRM THIS TRANSACTION पर पहुंचने के उपरान्त छात्र/छात्राए सभी डिटेल को चैक कर यह सुनिश्चित कर लेंगे TRANSACTION में प्रदर्शित हो रही जानकारी सही है TRANSACTION में उपलब्ध जानकारी से संतुष्ट होने के उपरान्त CONFIRM BUTTON पर CLICK करेंगे।

अगले वेब/पेज पर भुगतान के लिए विभिन्न विकल्प प्रदर्शित हो रहे होगें। छात्र/ छात्राएं अपने आवेदन शुल्क का भुगतान चार विकल्पों के माध्यम से कर सकते हैं।

a. INTERNET BANKING (SBI & OTHER BANK)

b. CARD PAYMENT (SBI ATM CUM DEBIT CARD, OTHER BANK DEBIT CARD & CREDIT CARD)

c. OTHER PAYMENT MODES (SBI BRANCH, NEFT/RTGS)

d. UPI

जिन छात्र/छात्राओं के पास INTERNET BANKING, DEBIT CARD, CREDIT CARD, NEFT/RTGS, UPI की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वो PAYMENT CHALLAN का प्रिन्ट लेगें। किसी भी SBI BRANCH में जाकर छात्र/छात्राएं PAYMENT CHALLAN के माध्यम से अपना पुनर्मूल्यांकन का शुल्क जमा कर सकते हैं।

किसी भी भुगतान माध्यम उपयोग करने हेतु बैंक शुल्क संबंधित विकल्प के नीचे प्रदर्शित किये गये हैं, भुगतान करने से पूर्व बैंक शुल्क की जानकारी प्राप्त करने के उपरान्त ही भुगतान की कार्यवाही करें।

C. AFTER FEES SUBMITION TAKE RECEIPT OF PAYMENT:

भुगतान करने के 24 घंटे उपरान्त छात्र/छात्राएं आवेदन में उपलब्ध तृतीय विकल्प AFTER FEES SUBMITION TAKE RECEIPT OF PAYMENT के माध्यम से PAYMENT RECEIPT का प्रिन्ट लेंगे आवेदन एवं PAYMENT RECEIPT के प्रिन्ट आउट को अपने संस्थान प्रधानाचार्य को जमा करेंगे।

किसी भी प्रकार की असमंजस की स्थिति में **HELPLINE NUMBER 8172885663 एवं 8127785481** पर सम्पर्क स्थापित कर उसका समाधान प्राप्त कर सकते हैं। सूच्य है कि ऑनलाइन पेमेन्ट की सुविधा बैंक द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है, किसी भी विषम परिस्थिति में भुगतान संबंधित परेशानी एवं विवाद के लिए संबंधित बैंक से सम्पर्क कर त्रुटि/समस्या का निस्तारण कर सकते हैं। भुगतान संबंधी त्रुटि/समस्या के लिये प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ उत्तरदायी नहीं होगा।

**पुनर्मूल्यांकन के रजिस्ट्रेशन की तिथि 19/01/2026 से 22/01/2026 तक है एवं PAYMENT RECEIPT के प्रिन्ट करने हेतु अंतिम तिथि 24/01/2026 है।** परिषद द्वारा पुनर्मूल्यॉकन हेतु उपरोक्त आंनलाइन माध्यम के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

आप से अपेक्षा है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को कतिपय विषय में आवेदन करते समय पुनर्मूल्यांकन विकल्प का चयन सावधानी पूर्वक किये जाने एवं जिन विषय की परीक्षा विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, नवम्बर-दिसम्बर 2025 में सम्मिलित हुए हों, उन्ही विषयों का चयन किये जाने हेतु संस्थान स्तर पर सूचित करने का कष्ट करें, यदि छात्र/छात्राओं द्वारा अपने चयनित विषयों में से किसी भी प्रकार की त्रुटि/समस्या होती है, तो छात्र/छात्राएं स्वयं ही उत्तरदायी होगें।

यह भी अवगत कराना है कि पुनर्मूल्यांकन हेतु प्राप्त होने वाले आवेदनों की उत्तरपुस्तिकाओं का डिजिटल पुनर्मूल्यांकन पृथक परीक्षकों के द्वारा ही कराया जाता है तथा पूर्व में प्राप्त अंको को पूर्णतः हटा दिया जाता है, जिससे पुनर्मूल्यांकन की पारदर्शिता बनी रहें, ऐसे में किसी भी छात्र/छात्रा के पूर्व में प्राप्त अंको में वृद्धि अथवा ह्रास दोनो ही संभव है। यह भी सूचित कराना है कि अंको में वृद्धि अथवा ह्रास पूर्व में प्राप्त अंको के दस प्रतिशत से अधिक अथवा कम होने पर ही किया जाता है यदि किसी भी छात्र/छात्रा के अंको में दस प्रतिशत से कम का अन्तर (वृद्धि अथवा ह्रास) रहता है तब छात्र/छात्रा के अंको में कोई परिवर्तन नहीं किया जाता है।

**नोट:- पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं में मोबाइल नं० अंकित पाया जाता है तो ऐसे परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन का कार्य नहीं कराया जायेगा तथा आवेदित छात्र के संबंधित पुनर्मूल्यांकन के विषय में परीक्षा परिणाम में अंकित अंक को परीक्षा समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुक्रम में शून्य कर दिया जायेगा।**

**यह भी अवगत कराना है कि विभिन्न विषयों की कुल 644 लिखित उत्तरपुस्तिकाओं में मोबाइल नम्बर अंकित करने वाले छात्र/छात्राओं को संबंधित विषय में पुनर्मूल्यांकन हेतु आंनलाइन आवेदन भरने का विकल्प नहीं दिया जायेगा।**

भवदीय,

Digitally signed by
SANTOSH KUMAR SINGH
Date: 17-01-2026
18:31:34

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

**पृ० सं०: प्राशिप/अनु03/2026/6758-63** **तद् दिनांक 17/01/2026**

**प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ/अध्यक्ष प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को अपर मुख्य सचिव/अध्यक्ष महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र, उत्तर प्रदेश।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को, परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.inपर प्रदर्शित करने हेतु।

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव